आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने कल दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए।
- द्वीपसमूह में बारहवीं की परीक्षा में चौरानबे दशमलव चार आठ प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की–चौबीस स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा।
- मायाबंदर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य एलिज़ाबेथ मार्टिन को मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद की नई अध्यक्षा और रंगत से जिला परिषद सदस्य तपस रॉय को उपाध्यक्ष चुना गया।
- दक्षिण–पश्चिम मानसून इस महीने की उन्नीस तारीख के आस–पास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग और निकोबार द्वीप में सक्रिय हो सकता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी बी एस ई ने कल दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित किए। सी बी एस ई ने एक बयान में कहा है कि बारहवीं में कुल सत्तासी दशमलव नौ–आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। चौबीस हजार से अधिक उम्मीदवारों ने पचानब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और एक लाख सोलह हजार से अधिक छात्रों ने नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार–शून्य प्रतिशत अधिक है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत तिरानब्बे दशमलव छह–शून्य रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत चौरानब्बे दशमलव सात–पांच है, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत बानब्बे दशमलव सात–एक है।

इस बीच अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में बाहरवीं की परीक्षा में चौरानबे दशमलव चार आठ प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इस बार चार हजार आठ सौ अट्ठावन विद्यर्थियों में से चार हजार पांच सौ नब्बे विद्यार्थी सफल हुए हैं। दो सौ उन्नीस विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट मिला है। द्वीपसमूह के चौबीस स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने बोर्ड की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थियों के लिए एक नए अध्याय की शुरूआत होने जा रही है, जो उनके भविष्य को निर्धारित करेगा। उन्होने सभी से मन लगाकर आगे की पढ़ाई करने और एक बेहतर नागरिक बन द्वीपसमूह का नाम रोशन करने की कामना की है। उन्होंने सभी शिक्षकों और अभिभावकों को भी बच्चों को उचित मार्गदर्शन देने के लिए उनकी सराहना की है।

<><><><><><><>

मायाबंदर निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य और निर्दलीय उम्मीदवार एलिज़ाबेथ मार्टिन मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद की नई अध्यक्षा चुनी गई है। कल ज़िला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए कराए गए चुनाव में इन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वसंती देवी को पराजित किया। श्रीमती एलिज़ाबेथ के पक्ष में कुल नौ वोट पड़े, जबकि वसंती देवी को आठ सदस्यों का समर्थन प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष के चुनाव में रंगत से ज़िला परिषद सदस्य और निर्दलीय उम्मीदवार तपस रॉय ने डिगलीपुर के सीतानगर निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और ज़िला परिषद सदस्य निरंजन हलदार को हराया। तपस रॉय को दस वोट मिले, जबकि निरंजन हलदार के पक्ष में सात वोट पड़े। श्रीमती एलिज़ाबेथ दूसरी बार मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद की अध्यक्षा चुनी गई है। मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिशकुश मीणा ने कल नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर पंचायत समिति प्रमुख चम्पा दास ने कल मुख्य सचिव केशव चन्द्र से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने शहीद द्वीप के लिए जलयानों के समय में फेरबदल करने और इसे तर्कसंगत बनाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा उन्होंने शहीद द्वीप में परिवार नियोजन शिविर भी आयोजित करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

दक्षिण–पश्चिम मानसून इस महीने की उन्नीस तारीख के आस–पास दक्षिण अंडमान सागर, दक्षिण–पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग और निकोबार द्वीप में सक्रिय हो सकता है। दो दिनों तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि निकोबार द्वीप और अंडमान द्वीप के कुछ भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

सोलह और सत्रह मई को द्वीपों के अधिकांश भागों तथा अट्‌ठारह और उन्नीस मई को कई भागों में वर्षा होने या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। आज का अधिकतम तापमान बत्तीस डिग्री और न्यूनतम तापमान छब्बीस डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग ने अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के द्वीपों के सभी बचे हुए राशन कार्डधारकों से कल तक ई–के वाई सी कराने का एक बार फिर अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि अब तक जिन उपभोक्ताओं ने उचित मूल्य की दुकानों या नागरिक आपूर्ति निदेशालय या बाहरी द्वीपों में स्थित आपूर्ति विभाग के इकाईयों में ई–के वाई सी नहीं कराए हैं, वे तुरंत अपने–अपने क्षेत्र के उचित मूल्य की दुकानों से आधार नम्बर के साथ संपर्क करें, ताकि राशन कार्ड मे अंकित सभी सदस्यों की ई–के वाई सी हो सके। राशन कार्डधारक नागरिक आपूर्ति विभाग में कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने क्षेत्र के आपूर्ति इकाई में अवश्य संपर्क करें। बचे हुए लाभार्थियों की सूची जानकारी के लिए संबंधित उचित मूल्य की दुकानों पर उपलब्ध है। कुछ मामलों में वृद्धजनों या किसी अन्य कारणों से अंगुली की छाप उपकरण में दिखाई नही देती है, ऐसे सभी लाभार्थियों से नागरिक आपूर्ति विभाग स्थित आधार केन्द्र या उनके तहसील के आधार केन्द्र में आधार बायोमिट्रिक के कार्य को सम्पन्न करें, ताकि उन्हें अंतिम अवसर से चूकना न पड़ें।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस की ओर से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कल पुलिस लाइन में समर कैम्प का उद्‌घाटन किया। इस कैम्प में खेलकूद गतिविधियों के साथ कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि प्रतिभागियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

इस अवसर पर लोगों द्वारा कुल दो सौ छियालिस पंजीकरण फार्म भरे गए। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि समर कैम्प का भव्य उदघाटन समारोह इस बात का प्रतीक है कि सभी प्रतिभागियों के लिए सीखनें, विकास और मनोरंजन से भरी एक रोमांचक यात्रा की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस तरह का शिविर लोगों में खेल, कौशल विकास सत्र, आकर्षक भ्रमण, प्रतिभागियों के बीच प्रतिभा का पोषण करना और समग्र विकास को बढ़ावा देता है।

विशेषज्ञ सुविधाकर्ता उपस्थित लोगों को मूल्यवान कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए डिजाइन किए गए सत्रों का नेतृत्व करेंगे, जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में योगदान देंगे।

<><><><><><><>

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार हर वर्ष असाधारण बहादुरी का योगदान देने वाले बच्चों के अलावा असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को उनके योगदान के लिए दिया जाता है। खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान देने वाले युवाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। हर वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इक्कतीस जुलाई तक पांच वर्ष से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक, जो भारत में ही निवास करते हैं, वे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन स्वीकार करने के लिए पोर्टल एक अप्रैल से खुल चुकी है। इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन फार्म स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक बच्चे इसमें आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने और द्वीपसमूह में बारहवीं की परीक्षा में चौरानबे प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों के सफल होने के समाचार को डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। इन अखबारों ने मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने के समाचार को भी पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। इस महीने की सत्रह तारीख से पोर्ट ब्लेयर–मुख्यभूमि सेक्टर में स्पाईस जेट की सेवा उपलब्ध न होने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त के राजेन्द्र प्रसाद अस्पताल का दौरा करने और मरीजों तथा कर्मचारियों से मुलाकात करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है। स्थानिक पक्षी दिवस के अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से बाल देखभाल संस्थानो ंके बच्चों के लिए ग्रीष्माकालीन शिविर का आयोजन किया गया–इंफो इंडिया की खबर है। आईपीएल से जुड़े समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>